**खबर संक्षेप**



### अनियंत्रित ट्रक बंद पड़े टोल नाके से टकराया

**बरही।** थाना क्षेत्र के खितौली में गत रात एक तेज रफ्तार ट्रक बंद पड़े टोल नाके से टकरा गया। हादसे में टोल रूम का बड़ा हिस्सा ढह गया, जबकि ट्रक का अगला भाग बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। राहत की बात यह रही कि दुर्घटना के समय टोल नाके पर कोई कर्मचारी या राहगीर मौजूद नहीं था, जिससे जनहानि नहीं हुई। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जानकारी के अनुसार, बरही-उमरिया मार्ग पर खितौली ग्राम स्थित यह टोल नाका वर्तमान में बंद है। बुधवार-गुरुवार की रात अनियंत्रित ट्रक तेज गति से सीधे टोल बूथ से जा टकराया। टक्कर की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग और राहगीर मौके पर पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी भीषण थी कि यदि उस समय वहां कोई सुरक्षाकर्मी या राहगीर मौजूद होता तो बड़ा हादसा हो सकता था। यह घटना टोल नाके पर लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना कैद हो गई है। फुटेज में स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि ट्रक अत्यधिक गति में था और बिना ब्रेक लगाए सीधे टोल नाके की कंक्रीट संरचना से जा टकराया। बरही थाना प्रभारी अरविंद चौबे ने बताया कि फिलहाल हादसे के संबंध में किसी भी पक्ष की ओर से थाने में लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

### आवेदनों का समय से निराकरण नहीं करने पर जवाब तलब

**कटनी।** लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत आवेदनों के समयबद्ध निराकरण न करने के मामले में कलेक्टर आशीष तिवारी ने सख्त रुख अपनाते हुये 3 अधिकारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर 7 दिन में जवाब मांगा है। एमपी ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री तिवारी ने पाया कि नगर पंचायत बरही में 2, तहसीलदार स्लीमनाबाद कार्यालय में 1 तथा थाना स्लीमनाबाद में 1 आवेदन सहित कुल 4 आवेदन समय-सीमा के बाहर लंबित है, जो कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के प्रावधानों के विपरीत है। इस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुये तहसीलदार स्लीमनाबाद, मुख्य नगर पालिका अधिकारी बरही एवं थाना प्रभारी स्लीमनाबाद को करण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। साथ ही अधिकारियों से पूछा है कि क्यों न उनके विरूद्ध शास्ति अधिरोपित की जाये। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को 7 दिवस के भीतर लंबित आवेदनों के संबंध में पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि यदि प्रस्तुत जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया, तो एकपक्षीय कार्रवाई करते हुए अधिनियम के तहत शास्ति अधिरोपित की जाएगी।

### न्यायालय परिसर में न्यायाधीश ने रोपा पौधा



**ढीमरखेड़ा।** ढीमरखेड़ा न्यायालय परिसर में गुरूवार को न्यायाधीश पूर्वी तिवारी द्वारा पौधारोपण किया गया। उन्होंने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार "जल है तो कल है" कहा जाता है, उसी प्रकार "वन है तो जीवन है" भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि मनुष्य बिना भोजन के कुछ दिन जीवित रह सकता है, लेकिन ऑक्सीजन के बिना जीवन संभव नहीं है, और पेड़ ही हमें शुद्ध ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह अधिक से अधिक वृक्षारोपण करे और देखभाल भी सुनिश्चित करे।

---

## जीआरपी को मिली सफलता, रेल यात्रियों के जेवरात व सामग्री करते थे चोरी

# पांच शातिर बदमाशों को दबोचा, दस लाख रूपये के जेवरात किये बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जीआरपी ने चोर गिरोह के पांच शातिर बदमाशों को अपनी गिरपफ्त में लिया है। पकड़े गये बदमाशों के पास से 10 लाख 30 हजार 848 रुपये मूल्य के चोरी किए गए सोने के जेवरात बरामद किए हैं। राज्य स्तरीय चोर गिरोह के सदस्य ट्रेनों में यात्रियों के सामान की चोरी करते थे। यह कार्रवाई रेल पुलिस अधीक्षक जबलपुर सुन्दर सिंह कनेश के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भावना मरावी तथा उप पुलिस अधीक्षक रेल कटनी विजय गोठरिया के मार्गदर्शन में की गई।

जीआरपी ने जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया है उनमें शरद उर्फ गोलू झारिया, अमित सिंह खगार, सौरभ कुल्हाडा, राहुल ठाकुर और हर्ष खगार शामिल हैं। पुलिस के अनुसार गिरोह लंबे समय से रेल यात्रियों को निशाना बनाकर चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा था।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक सोने का हार, तीन मंगलसूत्र, एक जोड़ी झुमके, एक जोड़ी टॉप्स, दो सोने की अंगूठियां तथा एक सोने की बाली बरामद की है। बरामद आभूषणों की कुल कीमत 10,30,848 रुपये आंकी गई है।





### दो बदमाशों का अपराधिक रिकार्ड

जांच के दौरान यह भी सामने आया कि गिरोह के दो मुख्य आरोपियों का पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड है। दोनों जीआरपी थाना कटनी के निगरानी बदमाश हैं और उनके खिलाफ पहले से कई चोरी के मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अनिल मरावी, सहायक उपनिरीक्षक सुशील सिंह, प्रधान आरक्षक राघवेन्द्र शर्मा, प्रवीण तिवारी, हरस्वरूप शर्मा, सागर उपाध्याय, आरक्षक सुनील परस्ते, धर्मेन्द्र गुप्ता, रवि पुरोहित, नारायण मिश्रा, रहस्य जंघेला, सहायक उपनिरीक्षक रवि मांझी सहित जीआरपी एवं आरपीएफ कटनी की संयुक्त टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

रेल पुलिस अधीक्षक जबलपुर ने कार्रवाई में शामिल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

---



## ट्रक ने बोलेरो को मारी टक्कर, दूल्हा दुल्हन सहित पांच घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

विदाई के बाद घर लौट रहे दूल्हा-दुल्हन की बोलेरो वाहन को पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दूल्हा-दुल्हन समेत पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा जुहला बाईपास पर हुआ।

जानकारी के अनुसार शहडोल जिले के बेनीबारी गांव से दूल्हा-दुल्हन की विदाई के बाद परिजन दमोह जिले के हटा क्षेत्र स्थित ग्राम हरदीटोला लौट रहे थे। जब उनकी बोलेरो कटनी के जुहला बाईपास के पास पहुंची, तब वाहन में सवार लोग निस्तार के लिए सड़क किनारे रुके थे। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रक ने बोलेरो को जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू कर घायलों को बाहर निकाला। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।

इस हादसे में दूल्हा रामा बंजारा 23 वर्ष, दुल्हन लीला बंजारा 25 वर्ष, काढा बंजारा, चन्नू बंजारा सहित एक अन्य व्यक्ति घायल हुए हैं। सभी को तत्काल कटनी जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार सभी घायलों की स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही एनकेजे थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

---

## मूंग की सौ फीसदी खरीदी और प्रति एकड़ खरीद सीमा हटाने सीएम को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर किसानों के हित में मूंग की 100 प्रतिशत उपज का समर्थन मूल्य पर उपार्जन सुनिश्चित करने तथा वर्तमान में लागू प्रति एकड़ खरीद सीमा समाप्त करने की मांग की है।विधायक ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि वर्तमान व्यवस्था के तहत प्रति एकड़ केवल एक निश्चित मात्रा में मूंग खरीदी जा रही है, जिससे अधिक उत्पादन करने वाले किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। जिन किसानों ने मेहनत और आधुनिक तकनीकों के माध्यम से बेहतर उत्पादन किया है, उनकी पूरी उपज समर्थन मूल्य पर नहीं बिक पा रही है। परिणामस्वरूप किसानों को अपनी शेष उपज कम कीमत पर खुले बाजार में बेचने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।उन्होंने कहा कि प्रदेश के अनेक किसान इस व्यवस्था से असंतुष्ट हैं। यदि सरकार 100 प्रतिशत मूंग की खरीद सुनिश्चित करती है और प्रति एकड़ खरीद की सीमा समाप्त कर वास्तविक उत्पादन के आधार पर खरीदी करती है, तो किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य मिलेगा और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि किसानों की समस्याओं को गंभीरता से देखते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाए, ताकि मूंग उत्पादक किसानों को राहत मिल सके और प्रदेश में किसानों के बीच व्याप्त असंतोष भी दूर हो।इस संबंध में योगेन्द्र सिह ठाकुर ने बतलाया कि विधायक जी ने पत्र की प्रतिलिपि जिला कलेक्टर कटनी को भी आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की है। किसानों को उम्मीद है कि राज्य सरकार उनकी मांगों पर जल्द विचार कर उचित निर्णय लेगी, जिससे उन्हें अपनी उपज का पूरा लाभ मिल सके।

---

### ट्रक के पहिए में फंसी मोटर साइकिल, बड़ा हादसा टला

**कटनी।** बरही पुराना बस स्टैंड चौराहे पर ट्रक ने मोटरसाइकिल सवारों को अपनी चपेट में ले लिया।



गनीमत रही कि एक मासूम बच्चे सहित तीनों की जान बाल-बाल बच गई। जानकारी के अनुसार पुराना बस स्टैंड चौराहा स्थित रामलीला मंच के सामने मैहर रोड की तरफ से आ रहा एक ट्रक जैसे ही विजयराघवगढ़ रोड की ओर मुड़ रहा था, तभी खितौली रोड की ओर जा रहे एक बाइक सवार को उसने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सीधे ट्रक के अगले पहिए के नीचे जा फंसी। बाइक पर दो पुरुषों के साथ एक छोटा बच्चा भी सवार था। जैसे ही हादसा हुआ मौके पर चीख-पुकार मच गई। अगर ट्रक ड्राइवर ने ऐन वक्त पर ब्रेक न लगाया होता तो बड़ा हादसा हो जाता। स्थानीय लोगों ने मुस्तैदी दिखाई और तुरंत बाइक को ट्रक के नीचे से निकालकर तीनों को सुरक्षित बाहर निकाला।

---

### उमरियापान महाविद्यालय में दीक्षा महोत्सव का आयोजन



शासकीय महाविद्यालय उमरियापान में तीन दिवसीय दीक्षा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले नवप्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक-वंदन कर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. आरती धुर्वे ने की। उन्होंने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि महाविद्यालय केवल शिक्षा प्राप्त करने का केंद्र नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण, संस्कार, अनुशासन और जीवन मूल्यों के विकास का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन करने, अनुशासित जीवन अपनाने तथा महाविद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया। प्रवेश प्रभारी दीपिका जैन ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय की प्रवेश प्रक्रिया, विभिन्न संकायों, छात्रवृत्ति योजनाओं, पुस्तकालय, राष्ट्रीय सेवा योजना खेलकूद तथा अन्य सह-शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में निकेत सराठे, दीपक चौधरी, डॉ. नीमा सिंह, डॉ. आशीष पांडे, अभिलाषा चौरसिया, डॉ. दिव्या शुक्ला, डॉ. अरुणादास, रहवर रजा मंसूरी, डॉ. सोनम साहू, डॉ. जयश्री शुक्ला मौजूद थी।

---

## व्यापारी से अवैध वसूली करने वाले दो बदमाशों को दबोचा, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कोतवाली थाना अंतर्गत घंटाघर में किराना व्यापारी से अवैध वसूली करने और जान से मारने की धमकी देने वाले दो शातिर बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों में से एक आदतन अपराधी है, जिस पर पहले से कई मामले दर्ज हैं। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल डंडा भी बरामद कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, दुबे कॉलोनी निवासी ईश्वर लाल गेई 49 वर्ष की घंटाघर में किराना दुकान है। 29 जून की रात को क्षेत्र के दो बदमाश छोटू उर्फ गिरधारी निषाद (45 वर्ष), निवासी- गांधीगंज, शुभम उर्फ शिब्बू शाण्डिल्य (32 वर्ष), निवासी अशोक कॉलोनी उनकी दुकान पर पहुंचे और शराब पीने के लिए पैसों की मांग की। जब व्यापारी ने पैसे देने से इनकार कर दिया तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी। आसपास के लोगों के बीच-बचाव करने पर आरोपी वहां से भाग निकले।



घटना से नाराज व्यापारी संघ ने पुलिस को आवेदन देकर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की थी। कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक राखी पाण्डेय के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। घटना के बाद से ही दोनों आरोपी अपने ठिकानों से फरार थे। मुखबिर से सूचना मिली कि दोनों आरोपी जुहला बायपास स्थित ढाबा के पास कहीं बाहर भागने की फिराक में खड़े हैं। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस की टीम ने बिना वक्त गंवाए मौके पर दबिश दी और घेराबंदी कर दोनों को धर दबोचा। आरोपी शिब्बू के खिलाफ पूर्व से 08 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों दोनो को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

---

*शिकायतों का निराकरण नहीं करने एवं बैठक में अनुपस्थिति पर सख्ती*

## सीएमएचओ एवं पॉलीटेक्निक प्राचार्य पर थमाया नोटिस, कार्यवाही की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण को लेकर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने शिकायतों के निराकरण में गंभीर लापरवाही पाए जाने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. राज सिंह ठाकुर को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर सात दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा जारी नोटिस में उल्लेख किया गया है कि पूर्व में जारी स्पष्ट निर्देशों के बावजूद मई 2026 में प्राप्त मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की 16 शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण कर पोर्टल पर दर्ज नहीं किया गया। परिणामस्वरूप सभी शिकायतें बिना निराकरण के उच्च स्तर पर अंतरित हो गईं। इस लापरवाही के कारण स्वास्थ्य विभाग को 10 अंकों के वेटेज में केवल 9.85 अंक प्राप्त हुए, जिससे न केवल विभागीय प्रदर्शन प्रभावित हुआ, बल्कि जिले की समग्र ग्रेडिंग पर भी प्रतिकूल असर पड़ा। नोटिस में कहा गया है कि यह कृत्य वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना, पदीय दायित्वों के निर्वहन में उदासीनता तथा शासन की जनसेवा संबंधी व्यवस्था के प्रति लापरवाही का परिचायक है। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि इस गंभीर लापरवाही के संबंध में सात दिवस के भीतर संतोषजनक जवाब प्रस्तुत किया जाए। अन्यथा आगामी माह के वेतन से कटौती सहित नियमानुसार एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

### 7 दिवस में मांगा जवाब

कलेक्टर आशीष तिवारी ने 29 जून को आयोजित समय-सीमा (टीएल) बैठक में बिना पूर्व अनुमति अथवा सूचना के अनुपस्थित रहने पर शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र वरखेडकर को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर सात दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। जारी नोटिस में कहा गया है कि प्रत्येक सोमवार आयोजित होने वाली समय-सीमा बैठक जिला प्रशासन की सबसे महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक होती है, जिसमें शासन की प्रमुख योजनाओं की प्रगति, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण, टीएल प्रकरणों तथा विभागीय कार्यों की विस्तार से समीक्षा की जाती है।

कलेक्टर ने नोटिस में उल्लेख किया है कि बैठक में बिना किसी पूर्व अनुमति या सूचना के अनुपस्थित पाए सात दिवस के भीतर अपना स्पष्ट एवं संतोषजनक जवाब प्रस्तुत करें। यदि निर्धारित समय में स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होता अथवा जवाब असंतोषजनक पाया जाता है, तो एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

---

**कलेक्टर की अध्यक्षता में जनभागीदारी समिति की बैठक मे हुये कई अहम निर्णय**

## बालिका छात्रावासों में सुरक्षा और बेहतर व्यवस्थाओं पर विशेष फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय को आधुनिक, सुरक्षित और विद्यार्थी-केंद्रित शिक्षण संस्थान के रूप में विकसित करने की दिशा में गुरुवार को कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित जनभागीदारी समिति की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कलेक्टर एवं समिति के अध्यक्ष श्री तिवारी ने बैठक में छात्र सुविधाओं के विस्तार, अधोसंरचना विकास, डिजिटल संसाधनों के सुदृढ़ीकरण, छात्रावास प्रबंधन, परिवहन व्यवस्था और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए समयबद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए गए।



बैठक में प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार वाजपेई ने वर्ष 2024-25 की ऑडिट रिपोर्ट एवं व्यय विवरण प्रस्तुत करते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 की संभावित आय, विकास कार्यों तथा जनभागीदारी मद से प्रस्तावित योजनाओं की जानकारी दी। प्रस्तावों पर विचार-विमर्श के उपरांत कलेक्टर श्री तिवारी ने स्पष्ट कहा कि जनभागीदारी समिति का प्रत्येक निर्णय विद्यार्थियों के शैक्षणिक हित, सुविधा और संस्थान के दीर्घकालीन विकास को ध्यान में रखकर लिया जाए।

उन्होंने महाविद्यालय भवन की मरम्मत, छतों में सीपेज की समस्या के स्थायी निराकरण, प्रयोगशालाओं के उन्नयन, सभागार के आधुनिकीकरण, आधुनिक फर्नीचर, कंप्यूटर, प्रयोगशाला उपकरण, खेल सामग्री तथा नवीन पुस्तकों की खरीदी को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक स्वीकृतियां प्रदान कीं। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विकास कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं।

कलेक्टर ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में विद्यार्थियों को केवल अकादमिक शिक्षा ही नहीं, बल्कि सही मार्गदर्शन और मानसिक संबल भी आवश्यक है। उन्होंने महाविद्यालय में नियमित कैरियर काउंसलिंग तथा मनोवैज्ञानिक परामर्श (काउंसलिंग) सत्र प्रारंभ कराने के निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थी अपने भविष्य के प्रति जागरूक और आत्मविश्वासी बन सकें।

बैठक में महाविद्यालय में कार्यरत लगभग 35 आउटसोर्स कर्मचारियों को प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना से जोड़ने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। कलेक्टर ने प्राचार्य को निर्देश दिए कि सभी पात्र कर्मचारियों का शीघ्र पंजीयन कराया जाए, जिससे उन्हें भविष्य में पेंशन एवं सामाजिक सुरक्षा का लाभ प्राप्त हो सके।

बालिका छात्रावास की भोजन व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने गुणवत्ता और निगरानी व्यवस्था को और मजबूत बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से छात्राओं को समझाइश देने को कहा कि वे छात्रावास में भोजन, चाय अथवा अन्य खाद्य सामग्री बनाने के लिए बिजली से चलने वाले हीटिंग उपकरणों का उपयोग न करें, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना की आशंका समाप्त हो सके। छात्रावासों के रखरखाव, मरम्मत एवं आवश्यक संसाधनों के लिए भी स्वीकृति प्रदान की गई।

---

## मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौके पर ही हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर के मुख्य रेलवे स्टेशन में गुरूवार की सुबह रेलवे ट्रैक पार करने की कोशिश कर रहा एक युवक मालगाड़ी की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के कारण कुछ समय के लिए डाउन ट्रैक पर रेल यातायात भी प्रभावित रहा। जानकारी के अनुसार घटना आज सुबह करीब 5:00 बजे की है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, युवक रेलवे ट्रैक को पार कर रहा था। जल्दबाजी के चक्कर में युवक का ध्यान सामने से आ रही मालगाड़ी पर नहीं गया। जब तक वह संभल पाता, तब तक वह मालगाड़ी की चपेट में आ चुका था। ट्रेन की रफ्तार तेज होने के कारण युवक को बचने का मौका नहीं मिला और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद स्टेशन परिसर में हड़कंप मच गया। हादसे की जानकारी मिलते ही ड्यूटी पर तैनात डिप्टी स्टेशन मास्टर सुरजीत आचार्य ने डॉक्टरों की टीम को तत्काल मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए।

रेल डॉक्टर अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और युवक का परीक्षण किया। हालांकि, गंभीर चोटों के कारण युवक की सांसें पहले ही थम चुकी थीं, जिसके बाद डॉक्टरों ने उसे आधिकारिक तौर पर मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल के मर्चुरी (शवगृह) भिजवा दिया है। मृतक युवक के पास से फिलहाल ऐसा कोई दस्तावेज या पहचान पत्र नहीं मिला है जिससे उसकी पहचान हो सके।

### खबर संक्षेप

## दाल मिल में लगी आग से लाखों के नुकसान की आशंका

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र में संचालित दाल मिल में गत दोपहर अचानक आग भड़क उठी, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में फैक्ट्री का बड़ा हिस्सा इसकी चपेट में आ गया। परिसर में रखा कच्चा माल, तैयार दाल और अन्य सामान जलने से भारी आर्थिक नुकसान की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलते ही माधवनगर थाना पुलिस और नगर निगम की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। हालात की गंभीरता को देखते हुए एक के बाद एक कई दमकल वाहन बुलाए गए। करीब 10 फायर टेंडरों की मदद से आग बुझाने का अभियान लंबे समय तक चलता रहा ।दमकल दल की प्राथमिक कोशिश आग को फैक्ट्री के बाकी हिस्सों और आसपास की संपत्तियों तक फैलने से रोकना रही। मौके पर मौजूद टीमों ने लगातार पानी की बौछार कर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। फिलहाल आग लगने की असली वजह सामने नहीं आई है, हालांकि शॉर्ट सर्किट समेत कई संभावित कारणों पर जांच की जा रही है। घटना की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। भीड़ को नियंत्रित करने और सुरक्षा बनाए रखने के लिए पुलिस ने क्षेत्र में घेराबंदी कर लोगों को दूर रखा। प्रशासन अब फैक्ट्री प्रबंधन के साथ मिलकर कुल नुकसान का आकलन करेगा।

## बुजुर्ग के खाते से जालसाजों ने पार किये 1.58 लाख रूपये

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी एक वृद्ध को अज्ञात शातिर ठग ने जालसाजी का शिकार बनाते हुए उनके खाते से बड़ी रकम साफ कर दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी पीड़ित अशोक विश्वकर्मा 63 वर्ष के बैंक खाते से किसी अज्ञात व्यक्ति ने धोखाधड़ी करते हुए कुल 1,58,999 रुपये निकाल लिए। खाते से इतनी बड़ी रकम कटने का पता चलते ही पीड़ित के होश उड़ गए, जिसके बाद उन्होंने तुरंत थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़ित अशोक विश्वकर्मा की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए साइबर सेल की मदद से आरोपी की तलाश और तकनीकी साक्ष्य जुटाना शुरू कर दिया है।

## नायब तहसीलदार और 4 पटवारियों का तबादला

**सिलौंडी।** सिलौंडी में पदस्थ नायब तहसीलदार खगेश भलावी और 4 पटवारियों से अन्य स्थान तबादला होने के बाद पटवारियों और नायब तहसीलदार भवन के बाबू ने उनको विदाई दी। नायब तहसीलदार खगेश भलावी सरल सहज स्वभाव के थे जो कि सिलौंडी में ही रहकर अपनी ड्यूटी कर रहे थे। अधिकांश वह सिलौंडी में निवास से कार्यालय पैदल ही आना जाना करते थे । पटवारी विश्वनाथ बागरी,उमेश निखारे, जॉय चक्रवर्ती, संगीता परस्ते का तबादला अन्य स्थान होने के कारण साथी पटवारी संघ के कार्यकारी जिला अध्यक्ष अशोक सिंह बागरी , राजस्व निरीक्षक नीरज झरिया ,अंगद बाबू ,रंजित ,समय कर्मचारियों सहित भव्य विदाई का आयोजन किया ।

## महाप्रबंधक ने किया स्थल निरीक्षण

**कटनी।** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत पारंपरिक कारीगरों एवं शिल्पकारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक श्रीमती ज्योति सिंह चौहान ने हितग्राही श्रीमती सीता देवी की इकाई का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने इकाई की कार्यप्रणाली एवं वर्तमान स्थिति का अवलोकन किया तथा आवश्यक औपचारिकताओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मौके पर ही सक्रिय पहल करते हुए हितग्राही को बैंक ले जाकर ऋण प्रकरण से संबंधित आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी करवाईं।

### कलेक्टर ने शासकीय तिलक कालेज का किया औचक निरीक्षण, विद्यार्थियों से संवाद

# 2.97 करोड़ से बन रहे लैब का लिया जायजा गुणवत्ता में कोताही नहीं बरतने दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर आशीष तिवारी ने गुरुवार को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय का औचक निरीक्षण किया।उन्होंने केवल व्यवस्थाओं का अवलोकन ही नहीं किया, बल्कि विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद भी किया। उनकी पढ़ाई, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, उपलब्ध्र संसाधनों के बारे में जानकारी ली तथा उन्हें आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने महाविद्यालय भवन, विभिन्न कक्षाओं, पुस्तकालय, ई-लाइब्रेरी, कंप्यूटर कक्ष, इग्नू अध्ययन केंद्र, प्रयोगशालाओं, खेल परिसर तथा पूरे परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को ज्ञान, कौशल और आधुनिक संसाधनों से सशक्त बनाना है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार वाजपेई सहित महाविद्यालय का शिक्षकीय एवं प्रशासनिक अमला उपस्थित रहा।

कलेक्टर ने महाविद्यालय परिसर में लगभग 2 करोड़ 97 लाख रुपये की लागत से निर्माणाधीन 200 विद्यार्थियों की क्षमता वाली आधुनिक ऑनलाइन परीक्षा कंप्यूटर लैब का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण एजेंसी परियोजना क्रियान्वयन इकाई को निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### शैक्षणिक उपयोग की विशेष रोपणी

महाविद्यालय परिसर के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने नक्षत्र वाटिका के समीप औषधीय, वनस्पति एवं अध्ययन-अध्यापन में उपयोगी पौधों की विशेष रोपणी विकसित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि यह रोपणी विद्यार्थियों के लिए प्रकृति आधारित अध्ययन का जीवंत प्रयोगशाला स्वरूप बनेगी और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देगी।

### ई-लाइब्रेरी की सराहना, विद्यार्थियों से जाना अनुभव

कलेक्टर ई-लाइब्रेरी पहुंचे तो वहां कई विद्यार्थी गंभीरता से अध्ययन करते मिले। उन्होंने विद्यार्थियों से विषय आधारित प्रश्न पूछे और उनकी तैयारी का स्तर जाना।

पन्ना जिले के रेपुरा निवासी छात्र करण चौधरी ने बताया कि छात्रावास में रहने के कारण ई-लाइब्रेरी की सुविधा उसके लिए अत्यंत उपयोगी साबित हो रही है और अब अध्ययन सामग्री के लिए कहीं भटकना नहीं पड़ता। वहीं बहोरीबंद निवासी नीरज चौधरी ने कहा कि ई-लाइब्रेरी के माध्यम से कठिन विषयों की जानकारी और प्रतियोगी परीक्षाओं की सामग्री आसानी से उपलब्ध हो जाती है, जिससे पढ़ाई अधिक प्रभावी हो गई है। विद्यार्थियों के अनुभव सुनकर कलेक्टर ने ई-लाइब्रेरी को ज्ञान का आधुनिक केंद्र बताते हुए इसकी सराहना की।

### अर्थशास्त्र की छात्रा से पूछे अर्थव्यवस्था से जुड़े सवाल

अर्थशास्त्र विभाग में संवाद के दौरान कलेक्टर आशीष तिवारी ने ग्राम जुहला की छात्रा राधा कोरी से भारतीय रिजर्व बैंक एवं अर्थव्यवस्था से जुड़े प्रश्न पूछे। राधा ने सभी प्रश्नों के सटीक, तार्किक और आत्मविश्वासपूर्ण उत्तर दिया।



## आदतन अपराधियों को थाने बुलाकर दी सख्त चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में बढ़ती चोरी, और लूट की घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान में शहर के सभी थाना क्षेत्रों के साथ रेलवे सुरक्षा बल ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की। अभियान के दौरान पुलिस ने पूर्व से चिन्हित ऐसे आदतन अपराधियों को थानों में तलब किया, जिनके खिलाफ चोरी, झपटमारी और लूट जैसे गंभीर प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस अधिकारियों ने उनकी वर्तमान गतिविधियों की गहन जांच की और भविष्य में किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि में शामिल न होने की कड़ी चेतावनी दी। साथ ही सभी अपराधियों का विस्तृत डोजियर तैयार कर उनका डिजिटल रिकॉर्ड भी अपडेट किया गया।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार अभियान का मुख्य उद्देश्य थाना क्षेत्रों में लगातार सामने आ रही चोरी और लूट की घटनाओं पर नियंत्रण स्थापित करना है। विशेष रूप से रेलवे स्टेशन, प्लेटफॉर्म और आउटर क्षेत्रों में मोबाइल चोरी एवं झपटमारी की वारदातों को रोकने के लिए यह कार्रवाई अहम मानी जा रही है। पुलिस अब आदतन अपराधियों की गतिविधियों पर निरंतर निगरानी रखेगी ताकि अपराध होने से पहले ही प्रभावी रोकथाम की जा सके।कटनी पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ऐसे विशेष अभियान निरंतर जारी रहेंगे। अपराध में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ बिना किसी रियायत के कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। अभियान एसपी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, एएसपी कमल मौर्य एवं सीएसपी नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

## बैंक एवं केसीसी खाते से ठगों ने पार किये 2.10 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



बाकल क्षेत्र में मोबाइल चोरी के बाद साइबर ठगों द्वारा बैंक खाते और केसीसी खाते से कुल 2 लाख 10 हजार रुपये की अवैध निकासी का मामला सामने आया है। पुलिस में शिकायत दर्ज कराने, नई सिम जारी होने और बैंक को समय रहते सूचना देने के बावजूद ठग खातों तक पहुंचने में सफल रहे। जानकारी के अनुसार बाकल निवासी शंकर महतो का मोबाइल शुक्रवार को साप्ताहिक हाट बाजार के दौरान चोरी हो गया। घटना के लगभग एक घंटे के भीतर उन्होंने थाना बाकल में शिकायत दर्ज करा दी। अगले दिन सुबह उन्होंने नई सिम भी जारी करा ली, लेकिन इसके बावजूद साइबर अपराधियों ने चोरी हुए मोबाइल के माध्यम से उनके बैंक खातों तक पहुंच बनाकर 2 लाख 10 हजार रुपये की ठगी कर दी।

ठगों ने पहले एक साथ 40 हजार रुपये निकालने का प्रयास किया, लेकिन ट्रांजेक्शन विफल हो गया। इसके बाद उन्होंने तरीका बदलते हुए 5 हजार और 10 हजार रुपये की अलग-अलग किश्तों में कुल 60 हजार रुपये खाते से निकाल लिए। लगातार निकासी के संदेश मिलने पर शंकर महतो तत्काल बैंक पहुंचे, जहां उन्हें साइबर ठगी की जानकारी हुई। पीड़ित ने तत्काल बैंक प्रबंधन को पूरे मामले की सूचना देकर सभी खातों पर होल्ड लगाने का अनुरोध किया। इसके बावजूद अगले ही दिन सुबह उनके केसीसी खाते से लगातार राशि निकाले जाने के संदेश आने लगे। बैंक पहुंचने पर पता चला कि साइबर ठग अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से केसीसी खाते से भी 1 लाख 50 हजार रुपये निकाल चुके थे। इस तरह कुल 2 लाख 10 हजार रुपये की ठगी हो गई। मामले में सामने आया कि बैंक ने केवल सामान्य खातों पर होल्ड लगाया था, जबकि केसीसी खाते को सुरक्षित नहीं किया गया।

बैंक अधिकारियों का कहना था कि पहले कभी केसीसी खाते से इस प्रकार की निकासी का मामला सामने नहीं आया था, इसलिए उस खाते पर होल्ड नहीं लगाया गया। पूरे मामले की सूचना पुलिस अधीक्षक एवं थाना प्रभारी को दी गई है। पुलिस ने जांच शुरू कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है। इस बीच बाकल में साइबर फ्रॉड की जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक विश्वकर्मा के निर्देशन में एसडीओपी आकांक्षा चतुबेदी ने सेंट्रल बैंक पहुंचकर संबंधित खाते की जानकारी ली। इस दौरान थाना प्रभारी दिनेश तिवारी, ब्रजेन्द्र वडगैया, योगेन्द्र तिवारी, सूर्यलाल सहित बैंक स्टाफ मौजूद रहा। साइबर ठगी की घटनाओं से क्षेत्रवासियों में आक्रोश है। पीड़ित की राशि की वापसी और बैंकिंग व साइबर सुरक्षा व्यवस्था में तत्काल सुधार की मांग की गई है।

### फुटकर फल विक्रेताओं की शिकायत का किया निराकरण



एसपी कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान फुटकर फल विक्रेताओं ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष लिखित आवेदन देकर कृषि उपज मंडी परिसर में कुछ थोक फल व्यापारियों द्वारा अवैध रूप से 4 प्रतिशत कमीशन और प्रति कैरेट 10 रुपये अतिरिक्त वसूली किए जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। एएसपी कमल मौर्य ने मंडी प्रांगण पहुंचकर कृषि उपज मंडी समिति के अध्यक्ष, सचिव, थोक व फुटकर फल विक्रेताओं तथा संबंधित व्यापारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की। बैठक में सभी पक्षों की बात सुनने के बाद शिकायत का निराकरण किया गया ।बैठक के दौरान कृषि उपज मंडी समिति ने स्पष्ट निर्देश जारी किए कि मंडी परिसर में किसी भी प्रकार का अवैध या अतिरिक्त कमीशन शुल्क नहीं लिया जाएगा। अवैध वसूली से संबंधित लगाए गए सभी सूचना बोर्ड तत्काल हटाने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि 11 जून 2026 या उसके बाद किसी भी प्रकार की अवैध वसूली स्वीकार नहीं की जाएगी ।समिति ने कहा कि फलों के दाम बाजार की मांग, आपूर्ति और परिस्थितियों के अनुसार बदल सकते हैं, लेकिन इसके नाम पर अतिरिक्त शुल्क वसूलना प्रतिबंधित रहेगा।

## निगमायुक्त ने कहा राहत कार्यों में लापरवाही बरतने पर होगी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

वर्षा काल के दौरान संभावित बाढ़ एवं जलभराव की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने तथा नागरिकों को त्वरित राहत उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा बाढ़ नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) स्थापित किया गया है। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा नियंत्रण कक्ष में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की चार शिफ्टों में ड्यूटी निर्धारित करते हुए शिकायतों के त्वरित निराकरण एवं राहत कार्यों के प्रभावी समन्वय की व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए गए है।

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जलभराव अथवा बाढ़ संबंधी शिकायत किसी भी माध्यम से प्राप्त होने पर उसे तत्काल शिकायत पंजी एवं कम्प्यूटर में दर्ज किया जाए तथा संबंधित अधिकारी को तुरंत अवगत कराया जाए। साथ ही शिकायत के निराकरण के उपरांत पालन प्रतिवेदन भी नियंत्रण कक्ष में प्रस्तुत किया जाए।

राहत कार्यों में नियुक्त दलों के प्रभारी, संबंधित स्वच्छता निरीक्षक एवं सफाई वार्ड दरोगाओं को निर्देशित किया गया है कि अपने-अपने प्रभार क्षेत्र में जलभराव की सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई करें। साथ ही नागरिकों को वर्षा जल संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए भवनों एवं दुकानों में वर्षा जल संचयन अपनाने तथा छतों का पानी सीधे सड़कों पर प्रवाहित न होने देने के लिए डाउन पाइप लगाने हेतु प्रेरित करें।

### मोबाइल चालू रखने एवं समन्वय बनाये रखने के निर्देश

निगमायुक्त ने बाढ़ नियंत्रण कक्ष एवं राहत कार्यों में नियुक्त सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने मोबाइल फोन चौबीसों घंटे चालू रखने, व्हाट्सएप ग्रुप पर प्राप्त निर्देशों का नियमित अवलोकन करने, उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर सुनिश्चित करने तथा आपसी समन्वय एवं अनुशासन के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सौंपे गए दायित्वों के निर्वहन में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी अथवा कर्मचारी के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### न्यायालय ने सुनाया फैसला, अर्थदंड से भी किया गया दंडित

## मासूम बालिकाओं के साथ अश्लील हरकतें करने वाले आरोपी को 5 साल का कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



विशेष न्यायालय (पॉक्सो एक्ट) ने दो नाबालिग बच्चियों के साथ अश्लील हरकत करने वाले 40 वर्षीय आरोपी धनीराम कुशवाहा पिता बुद्धा कुशवाहा 40 वर्ष को विभिन्न धाराओं के तहत दोषी करार देते हुए अधिकतम 5 वर्ष के सश्रम कारावास और अर्थदंड से दंडित किया है। शासन की ओर से इस संवेदनशील मामले में पैरवी विशेष लोक अभियोजक व सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी आशुतोष द्विवेदी द्वारा की गई। न्यायालय द्वारा पॉक्सो एक्ट की धारा 9(एम)/10 में 05-05 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 100-100 रुपये अर्थदंड, भारतीय न्याय संहिता धारा 76 व पॉक्सो एक्ट 7/8: 03-03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 100-100 रुपये अर्थदंड, BNS की धारा 74, 75(1)(i): 01-01 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 100-100 रुपये अर्थदंड, BNS की धारा 137(2): 02-02 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 100-100 रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

मीडिया सेल प्रभारी सुरेंद्र कुमार गर्ग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना बड़वारा थाना क्षेत्र की है। 26 अगस्त 2025 की सुबह बच्चियों के माता-पिता एक रिश्तेदारी में गए हुए थे। दोपहर के समय दोनों मासूम बच्चियां (8 वर्षीय बेटी और 8 वर्षीय भतीजी) घर के बाहर खेल रही थीं। इसी दौरान आरोपी धनीराम कुशवाहा वहां पहुंचा और मासूमों को अपनी बातों में फंसाकर दुकान से कुरकुरे दिलाया। इसके बाद वह उन्हें बहलाकर अपने साथ खेत में बनी एक मड़ैया के पास ले गया। मड़ैया में ले जाकर आरोपी ने दुर्भावनापूर्ण नीयत से बच्चियों को कपड़े उतारने के लिए विवश किया और स्वयं भी कपड़े उतारकर उनके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। मासूम बच्चियां बुरी तरह घबरा गईं। इसी बीच बच्चियों की दीदी/दादी अचानक वहां पहुंच गईं। परिजनों को आता देख आरोपी धनीराम कुशवाहा घबराकर मौके से फरार हो गया। घर लौटकर डरी-सहमी बच्चियों ने पूरी आपबीती माता-पिता को बताई, जिसके बाद बड़वारा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई।

बड़वारा पुलिस द्वारा त्वरित विवेचना पूरी कर आरोपी के खिलाफ विशेष न्यायालय पॉक्सो में आरोप पत्र (चार्जशीट) पेश किया गया था। विचारण के दौरान विशेष लोक अभियोजक आशुतोष द्विवेदी ने अदालत के समक्ष सभी महत्वपूर्ण चश्मदीद गवाह, चिकित्सीय साक्ष्य और अकाट्य दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत किए। अभियोजन के तर्कों से पूरी तरह सहमत होते हुए न्यायाधीश ने आरोपी धनीराम को सलाखों के पीछे भेजने का आदेश जारी किया।

### निगमायुक्त ने बैठक में समीक्षा कर अधिकारियों को दिए निर्देश

## वसूली में लाये तेजी, निर्माण कार्यों को समय सीमा में कराएं पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नागरिकों को सम्मानजनक एवं सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित शासन की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यों की समीक्षा हेतु बुधवार को निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा विस्तृत बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना के विभिन्न घटकों की प्रगति की समीक्षा करते हुए निगमायुक्त ने लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण एवं सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 के बी.एल.सी. घटक अंतर्गत लंबित आवासों की समीक्षा करते हुए निगमायुक्त ने चरणबद्ध कार्ययोजना बनाकर उन्हें शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। वहीं प्रेमनगर-खिरहनी स्थित ए.एच.पी. घटक के अंतर्गत निर्मित ईडब्ल्यूएस आवासों के पंजीकृत हितग्राहियों से अंशदान राशि जमा कराकर आवंटन प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही बिलहरी मोड़ स्थित निर्माणाधीन ईडब्ल्यूएस आवासों की प्रगति की समीक्षा कर निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने पर विशेष जोर दिया गया।

निगमायुक्त सुश्री परिहार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आरआरसी जारी हितग्राहियों से देय राशि की वसूली कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध ढंग से वसूली की कार्रवाई पूर्ण करें तथा नियमित प्रगति सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं राजस्व लक्ष्यों की पूर्ति के लिए सभी अधिकारी पूर्ण गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें।

प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के बी.एल.सी. घटक की समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि प्रथम किस्त प्राप्त करने के बावजूद कुछ हितग्राहियों द्वारा अब तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। इस पर निगमायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे हितग्राहियों से समन्वय स्थापित कर आगामी सात दिवस के भीतर निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाए। निर्धारित अवधि में कार्य प्रारंभ नहीं होने की स्थिति में संबंधित हितग्राहियों को नियमानुसार नोटिस जारी कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

बैठक में निगमायुक्त ने शासन से प्राप्त प्रथम किस्त की राशि अन्य शेष पात्र हितग्राहियों के खातों में समय-सीमा में वितरित करने, योजना अंतर्गत विद्युतीकरण सहित अन्य निर्माणाधीन कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित अवधि में पूर्ण कराने तथा पूर्व में आवंटित आवासों के विक्रय-विलेख (रजिस्ट्री) की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को हितग्राहियों से समन्वय स्थापित कर जिला पंजीयक कार्यालय के माध्यम से आवश्यक कार्यवाही समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक में कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, सहायक यंत्री एवं योजना के नोडल अधिकारी अनिल जायसवाल, उपयंत्री जे.पी. बघेल, मृदुल श्रीवास्तव, मोना करेरा सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## आज हरिद्वार के लिये रवाना होंगे जिले के 262 तीर्थयात्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत शुक्रवार 03 जुलाई 2026 से 06 जुलाई 2026 तक आयोजित हरिद्वार ऋषिकेश तीर्थ यात्रा के लिए कटनी जिले से 262 तीर्थ यात्रा विशेष ट्रेन द्वारा कटनी मुड़वारा रेलवे जंक्शन से रवाना होंगे। नगर निगम उपायुक्त श्रीमती प्रियंका झारिया ने तीर्थयात्रियों के स्वागत एवं यात्रा से पूर्व आवश्यक व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित करते हुए आवश्यक दायित्व सौंपे है।

जारी आदेश के अनुसार संपूर्ण व्यवस्थाओं के प्रभारी अधिकारी के रूप में राजस्व अधिकारी श्री जोगेश्वर प्रसाद पाठक को नियुक्त किया गया है। रेलवे स्टेशन परिसर में 15×15 फीट का पंडाल, 50 कुर्सियां, टिकट वितरण व्यवस्था, 10 टेबल, बैटरी युक्त माइक-साउंड सिस्टम तथा आवश्यकतानुसार अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों को सौंपी गई है। इसके साथ ही नगर निगम द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं पार्षदों को सम्मान पूर्वक आमंत्रित करने, कार्यक्रम की फोटो एवं वीडियोग्राफी तथा समाचार पत्रों एवं अन्य माध्यमों से प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी भी जनसंपर्क शाखा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दी गई है।

रेलवे स्टेशन परिसर में साफ-सफाई, चूना लाइन, स्वच्छ पेयजल स्टॉल की व्यवस्था तथा तीर्थयात्रियों के स्वागत के लिए फूल-माला, टीका-चंदन, रोली, हल्दी, आदि की व्यवस्था हेतु भी अलग-अलग अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं।

झलौन, तेजगढ़, तारादेही और जबलपुर मार्ग पर मंडरा रहा खतरा, एक सप्ताह में पेड़ की डाल गिरने से दो लोगों जा चुकी जान

# सड़क किनारे खड़े सूखे पेड़ एवं पोले पेड़ बने जानलेवा, हादसों के बाद भी नहीं जागा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

नगर एवं आसपास के प्रमुख मार्गों पर सड़क किनारे खड़े लगभग दो दर्जन सूखे और जर्जर पेड़ दुर्घटनाओं को खुला न्योता दे रहे हैं। इसके बावजूद लोक निर्माण विभाग और वन विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है जून माह के अंतिम सप्ताह में पेड़ गिरने से दो अलग-अलग हादसों में तीन लोगों की मौत हो चुकी है, लेकिन प्रशासन अभी तक नहीं जागा है। केवल झलौन मार्ग पर ही पेड़ों की वजह से कई वाहनों के टकराने के कारण अनेक लोग मौत के मुँह मै समा गये है नगर के जागरूक नागरिक कपिल कुमार गोटिया, सोनू राय, गोलू साहू और महेश मंगलम ने बताया कि झलौन मार्ग, तेजगढ़ मार्ग, तारादेही मार्ग और जबलपुर मार्ग पर कई पेड़ या तो पूरी तरह सूख चुके हैं और सड़क से सटकर खड़े हैं। ऐसे पेड़ कभी भी गिर सकते हैं और इन मार्गों पर 24 घंटे आवागमन होने के कारण बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते सूखे और खतरनाक पेड़ों को नहीं हटाया गया, तो आने वाले दिनों में और भी गंभीर दुर्घटनाएं हो सकती हैं। उन्होंने जिला कलेक्टर एवं प्रशासन से तत्काल संयुक्त सर्वे कराकर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। दो बड़े हादसों ने बढ़ाई चिंता केस-1ः 25 जून को तारादेही मार्ग पर समनापुर-दरौली के पास सड़क किनारे पेड़ की डाल गिरने से बिलतरा निवासी शिवम लोधी की मौत हो गई थी। उल्लेखनीय है कि इसी स्थान पर 9 जून को भी एक बड़ा पेड़ सड़क पर गिरा था, लेकिन उस समय कोई वाहन या राहगीर नहीं होने से बड़ा हादसा टल गया था। केस-2ः 29 जून को तेजगढ़ थाना क्षेत्र के करोंदी तिराहे के पास कुंडलपुर से दर्शन कर लौट रहे जबलपुर निवासी आशीष जैन (55) एवं उनकी पत्नी अंतिम उर्फ पिंकी जैन (50) की कार पर आम का विशाल पेड़ गिर गया। हादसे में दोनों के सिर में गंभीर चोटें आईं और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। अधिकारियों की




कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार हादसों के बावजूद लोक निर्माण विभाग का अमला उदासीन बना हुआ है। आरोप है कि विभाग की एसडीओ मनीषा मोगनिया माह में कभी-कभार ही कार्यालय आती हैं। तेंदूखेड़ा सब-डिवीजन होने के बावजूद अधिकारियों की नियमित निगरानी और आवश्यक कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी है वहीं वन विभाग ने सर्वे का दिया आश्वासन

### इनका कहना है

इस संबंध में उप वनमंडल अधिकारी प्रतीक दुबे ने बताया कि यदि लोक निर्माण विभाग द्वारा सर्वे रिपोर्ट उपलब्ध कराए जाने के बाद सड़क किनारे खड़े सूखे और खतरनाक पेड़ों का सर्वे कराया जाता है तो चिन्हित पेड़ों को प्राथमिकता के आधार पर कटवाने की कार्रवाई की जाएगी, ताकि मानसून के दौरान संभावित हादसों को रोका जा सके लोक निर्माण विभाग को पत्र मिलने वाला है।

**प्रतीक दुबे, उप वनमंडल अधिकारी तेंदूखेड़ा**

### इनका कहना है

इस संबंध में तेंदूखेड़ा एसडीएम सीजी गोस्वामी का कहना है कि पीडब्ल्यूडी को स्वयं पावर हैं पेड़ हटाने के एसडीओ पीडब्ल्यूडी को मैंने भी पत्र भेजा है साथ ही मैंने जिला कलेक्टर को इस संबंध में पत्र भेजा है और कलेक्टर साहब के द्वारा शीघ्र ही पीडब्ल्यूडी को पत्र मिलने वाला है अभी साहब ट्रेनिंग में है आज या कल आने वाले हैं उनके आने के बाद पीडब्ल्यूडी को पत्र जारी हो जाएगा

**सीजी गोस्वामी, एसडीएम तेंदूखेड़ा**

# शिक्षक अनिल तिवारी हुये सेवानिवृत्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

शासकीय माध्यमिक शाला भाटखमरिया में पदस्थ शिक्षक अनिल तिवारी के 41 वर्षों के लंबे शासकीय सेवाकाल पूर्ण होने पर विद्यालय परिसर में भव्य 'विदाई सह सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने उनके अनुकरणीय योगदान को भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी उपस्थित रहे, जबकि समारोह को आनंदधाम पीठाधीश्वर दंडी स्वामी रंजीतानंद सरस्वती जी महाराज का आध्यात्मिक सानिध्य प्राप्त हुआ। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विदाई अवसर पर अतिथियों द्वारा अनिल तिवारी को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। विद्यालय स्टाफ एवं सहकर्मियों ने भी स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया। वक्ताओं ने कहा कि 41 वर्षों की सेवा एक तपस्या के समान है, जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण के साथ-साथ अनुशासन और समर्पण की मिसाल कायम की। कार्यक्रम के दौरान उनके शांत, सरल एवं कर्तव्यनिष्ठ कार्यशैली की सराहना करते हुए उन्हें युवा शिक्षकों के लिए प्रेरणा बताया गया। समारोह में छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण, शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने नम आंखों से अपने प्रिय शिक्षक को विदाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# शिक्षक की सेवानिवत्त होने पर दी भावभीनी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर

शासकीय माध्यमिक शाला कुसमी मानगढ़ में पदस्थ प्रधान अध्यापक अजीत सिंह ध्रुवे का विदाई समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार बाजपेई,संकुल प्राचार्य केपी झारिया,पूर्व बीआरसी आई एस धुर्वे, मूरत सिंह ठाकुर, चतुरसिंह ठाकुर, छात्रावास अधीक्षिका श्रीमती मीना तिवारी, सहायक वार्डन श्रीमती सीमा खरे एवं समस्त शाला परिवार की गरिमामय उपस्थिति रही। प्रधान अध्यापक द्वारा अपने कर्तव्य के प्रति पूर्ण निष्ठा एवं लगन से समर्पित रहे ऐसे विचार व्यक्त किए गए कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच श्री कप्तान ठाकुर साहब की भी गरिमामय उपस्थित रही प्रधानाध्यापक मानक सिंह ठाकुर एव समस्त स्टाफ की मौजूदगी रही।

# भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत प्रतिनिधि सभा सम्पन्न



**दमोह।** भारतीय किसान संघ महाकौशल में 2 दिवसीय प्रतिनिधि सभा का जबलपुर में नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय आधार ताल में आयोजन हुआ है। भगवान बलराम जी एवं भारत माता पूजन के साथ प्रथम सत्र में महाकौशल प्रांत की सदस्यता पर प्रांत अध्यक्ष गजराज जी भाईसाहब का संबोधन के साथ अन्य विषयों पर चर्चा हुई। सुबह दूसरा दिन 9 बजे से महामंत्री प्रहलाद सिंह पटेल जी का संबोधन हुआ परिचय के साथ प्रांत एवं जिलों का प्रतिवेदन में संगठन के आंकड़े रहे सदस्यता वर्ग कार्यकर्ता प्रवास वृक्षारोपण महिला शक्ति प्रशिक्षण, क्षेत्रीय प्रशिक्षण वर्ग, किसान मंच की बैठक जैविक हाट बाजार, एवं अन्य उपलब्धिया रही एवं आगामी लक्ष्य रखा गया। तीसरा सत्र आदरणीय प्रदेश क्षेत्रीय संगठन मंत्री महेश चौधरी जी द्वारा सदस्यता जीआई टेग एवं अन्य बिंदुओं पर संबोधन हुआ। चौथा सत्र प्रांत संगठन मंत्री तुलाराम जी द्वारा वर्ग एवं वार्षिक कार्य योजना के विषयों पर संबोधन रहा। प्रतिनिधि सभा में अखिल भारतीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्रीमति गिरजा दीदी, क्षेत्रीय संगठन मंत्री महेश चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष ओम् नारायण पचौरी, प्रांत संगठन मंत्री तुलाराम, प्रांत अध्यक्ष गजराज सिंह, प्रांत महामंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, प्रांत कोषाध्यक्ष अध्यक्ष विजय गोटिया, प्रांत प्रचार प्रमुख राम मिलन पटेल, पूरन लाल संभाग संगठन मंत्री , प्रांतीय सदस्य मनोरमा दीदी, कृष्ण पाल सिंह जैविक प्रमुख, सरदार सिंह सदस्य आलोक पटेल, प्रांत उपाध्यक्ष हेतराम जी मोहन तिवारी, मेर सिंह स्वदेश कोठारी पुखराज चंदेल, अनिरुद्ध पटेल, रहीस, हेमंत पटेल, बिहारी लाल साहू, राहुल वसूले, धनंजय, मयंक एवं अन्य पदाधिकारीयों की उपस्थिति रही।

तेंदूखेड़ा पुलिस का सघन वाहन चेकिंग अभियान

# बिना सीट बेल्ट लगाए मिले पांच वाहन चालकों पर कार्रवाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

नगर एवं क्षेत्र में हो रही दुर्घटनाओं के चलते सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गुरुवार को तेंदूखेड़ा पुलिस द्वारा 27 मिल क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान चार पहिया वाहनों की जांच की गई, जिसमें बिना सीट बेल्ट लगाए वाहन चलाते पाए गए पांच चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान कुल 2,500 का जुर्माना वसूल किया गया। अभियान का नेतृत्व नगर निरीक्षक सरोज सिंह ठाकुर ने किया। उनके साथ एएसआई गजराज, प्रधान आरक्षक महेश, विशाल बेन आरक्षक रिंकू तथा डायल-112 तेंदूखेड़ा एवं पुलिस की टीम भी मौजूद रही। नगर निरीक्षक श्रीमती सरोज सिंह ठाकुर ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में जनहानि को कम करने के लिए यातायात नियमों का पालन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट का उपयोग करें तथा दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें। उन्होंने यह भी कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार की नियमित एवं सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# शासकीय महाविद्यालय जबेरा में दीक्षारंभ का भव्य शुभारंभ

## नवप्रवेशित विद्यार्थियों का किया गया स्वागत



**दमोह।** शासकीय महाविद्यालय जबेरा में बुधवार से तीन दिवसीय 'दीक्षारंभ समारोह' (प्रवेशोत्सव-2026) का गरिमामय शुभारंभ हुआ। 1 से 3 जुलाई 2026 तक आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशित विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें महाविद्यालयीन वातावरण एवं उच्च शिक्षा की नई व्यवस्थाओं से परिचित कराना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान प्रमुख मोहित कुमार पांडेय ने की। प्रथम दिवस महाविद्यालय प्रबंधन ने नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय की स्थापना, उपलब्धियों, शैक्षणिक गतिविधियों, नियमों तथा उपलब्ध सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 (**NEP**), अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (**ABC**), बहुविषयक शिक्षा, कौशल विकास, इंटर्नशिप के अवसर, प्रवेश प्रक्रिया, विषय चयन एवं नई परीक्षा प्रणाली सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया गया। विद्यार्थियों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न छात्र हितग्राही योजनाओं की भी जानकारी दी गई। इनमें पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, गांव की बेटी योजना, प्रतिभा किरण योजना, मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना सहित अन्य छात्रवृत्ति योजनाओं की पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया विस्तार से समझाई गई। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय की पुस्तकालय (ई-लाइब्रेरी), आधुनिक प्रयोगशालाओं, खेल सुविधाओं एवं आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर का भ्रमण कराया गया। साथ ही उन्हें राष्ट्रीय सेवा योजना (**NSS**), युवा उत्सव, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया।

# तेंदूखेड़ा थाना में साइबर फ्रॉड की शिकायत दर्ज, पीड़ित ने की कार्रवाई की मांग

**तेंदूखेड़ा।** पुलिस थाना के अंतर्गत ग्राम पिंडरई पांजी निवासी दीपेंद्र लोधी ने गुरुवार शाम लगभग 7:00 बजे पुलिस थाना तेंदूखेड़ा में साइबर ठगी के संबंध में एक लिखित शिकायत प्रस्तुत की। शिकायत के अनुसार, 01 जुलाई 2026 को उन्हें एक संदेश के माध्यम से साइबर अपराधियों द्वारा धोखाधड़ी का शिकार बनाया गया, जिसके परिणामस्वरूप उनके बैंक खाते से 3,999 तथा 680 सहित कुल □4,679 की राशि अनधिकृत रूप से ट्रांसफर कर ली गई। शिकायत में पीड़ित ने संबंधित मोबाइल नंबर 9644076929, बैंक खाते के अंतिम चार अंक 0475 तथा उपलब्ध ट्रांजैक्शन आईडी 100020760841 से 100020760851 का उल्लेख किया है। उन्होंने आवेदन के साथ बैंक स्टेटमेंट, ट्रांजैक्शन संबंधी दस्तावेज एवं अन्य आवश्यक साक्ष्य भी पुलिस को उपलब्ध कराए हैं। पीड़ित ने थाना प्रभारी से अनुरोध किया है कि मामले की गंभीरता से जांच कर साइबर अपराधियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाए तथा उनके खाते से निकाली गई राशि वापस दिलाने के लिए आवश्यक प्रयास किए जाएँ। हाल के समय में साइबर ठगी की घटनाओं में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। ऐसे मामलों में पुलिस और साइबर सेल आम नागरिकों से अपील करती है कि किसी भी संदिग्ध संदेश, लिंक या कॉल पर बिना सत्यापन के अपनी बैंकिंग जानकारी, ओटीपी या अन्य गोपनीय जानकारी साझा न करें। किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होने पर तुरंत संबंधित बैंक, राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा निकटतम पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराना आवश्यक है, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

## सहायक शिक्षक के सेवानिवृत्ति समारोह पर दी विदाई

**दमोह।** प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल ने आज पथरिया के ग्राम बिलानी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सहायक शिक्षक आनंद पटेल के सेवानिवृत्ति समारोह में सम्मिलित होकर उन्हें शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा सहायक शिक्षक श्री पटेल ने शिक्षक के रूप में दीर्घकाल तक निष्ठा एवं समर्पण से भावी पीढ़ी के निर्माण में अमूल्य योगदान दिया है। आपका सादगीपूर्ण व्यक्तित्व एवं विद्यार्थियों के प्रति समर्पण भाव सदैव प्रेरणादायी रहेगा। राज्यमंत्री श्री पटेल ने ईश्वर से सहायक शिक्षक श्री पटेल के सुखमय, स्वस्थ एवं सक्रिय सेवानिवृत्त जीवन की मंगलकामना की। उन्होंने कहा समाज निर्माण में आपके अनुभवों का लाभ आगे भी मिलता रहे, यही अपेक्षा है।

## डां. हीरालाल बने चिकित्सा शिक्षा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष

**दमोह।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार डॉक्टर एवं चिकित्सा शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डा. सुदीप पाठक द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटेल, पूर्व विधायक अजय टंडन, पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतन चंद जैन, प्रताप सिंह, मनु मिश्रा की अनुशंसा पर डा. हीरा लाल अहिरवार को डॉक्टर एवं चिकित्सा शिक्षा प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। उनके मनोनयन पर संजय चौरसिया, लक्ष्मण सींग, नितिन मिश्रा, विजय बहादुर, वीरेन्द्र राजपूत, रजनी ठाकुर, प्रदीप खटीक, प्रदीप पटैल, हेमराज पार्षद समेत कांग्रेस पदाधिकारियों मोर्चा संगठनों, प्रकोष्ठो विभाग एवं मंडलम अध्यक्षों ने बधाई दी है।

सेवानिवृत्त वनपाल शेख मुख्तार का भी हुआ सम्मान...

# तेजगढ़ वन परिक्षेत्र में रेंजर को दी भावभीनी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जबेरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत तेजगढ़ वन परिक्षेत्र में बुधवार, 1 जुलाई 2026 को वन क्षेत्रपाल (रेंजर) नीरज पांडे के स्थानांतरण तथा कार्यवाहक वनपाल शेख मुख्तार के सेवानिवृत्त होने पर भव्य विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। शासन की स्थानांतरण नीति के तहत नीरज पांडे का तेजगढ़ से डिंडोरी स्थानांतरण हुआ है। समारोह में वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, कर्मचारियों तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने नीरज पांडे एवं शेख मुख्तार का पुष्पमालाओं, श्रीफल और स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मान किया तथा उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर जिला वन मंडल अधिकारी ईश्वर जरांडे ने कहा कि नीरज पांडे ने अपने लगभग चार वर्षों के कार्यकाल में तेजगढ़ वन परिक्षेत्र में वन संरक्षण, विभागीय कार्यों और जनसहभागिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि डिंडोरी में भी वे अपनी कार्यशैली और अनुभव से बेहतर परिणाम देंगे। साथ ही उन्होंने नवपदस्थ वन क्षेत्रपाल अखिलेश चौरसिया का स्वागत करते हुए कहा कि तेजगढ़ वन परिक्षेत्र में अच्छे कार्यों की परंपरा को आगे बढ़ाना उनकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होगी। उन्होंने यह भी कहा कि सागोनी वन परिक्षेत्र में किए गए सकारात्मक कार्यों का लाभ अब तेजगढ़ को भी मिलेगा।

डीएफओ ईश्वर जरांडे ने सेवानिवृत्त कार्यवाहक वनपाल शेख मुख्तार के 30 से अधिक वर्षों की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने पूरे समर्पण के साथ वनों की सुरक्षा एवं संरक्षण का दायित्व निभाया। उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे स्वस्थ, प्रसन्न और सक्रिय जीवन व्यतीत करें तथा भविष्य में भी वन विभाग को उनकी आवश्यकता होने पर उनका सहयोग मिलता रहेगा।

समारोह में तेंदूखेड़ा उपमंडल अधिकारी प्रदीप दुबे, नवपदस्थ वन क्षेत्रपाल अखिलेश चौरसिया, वन क्षेत्रपाल रविंद्र गुर्जर, नोहटा थाना प्रभारी अभिषेक पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष भारत सिंह, संग्राम सिंह, ठाकुर हीरा सिंह, पूर्व सरपंच पहाड़ी सिंह, जनपद सदस्य हरि सिंह यादव, डिप्टी रेंजर चंद्र नारायण चौबे, अर्जुन सिंह मरकाम, वनरक्षक हरीश तेकाम, कृष्ण कुमार अहिरवार, अयूब खान, राम मनोहर यादव, झालकन साहू, विनोद साहू सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का सफल संचालन महेंद्र दीक्षित ने किया। अंत में सभी उपस्थितजनों ने दोनों अधिकारियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए भावभीनी विदाई दी।

# नगर निरीक्षक सरोज ठाकुर ने संभाला थाना प्रभार ,कार्यभार ग्रहण कर की पूजा-अर्चना



**तेंदूखेड़ा।** थाना क्षेत्र में नवपदस्थ नगर निरीक्षक श्रीमती सरोज ठाकुर ने बुधवार रात्रि को विधिवत रूप से थाना प्रभारी का कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार संभालने के पश्चात उन्होंने सबसे पहले थाना परिसर स्थित भगवान पिपलेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया और विधिवत रूप से अपनी नई जिम्मेदारी की शुरुआत की। कार्यभार ग्रहण करने के दौरान थाना परिसर में पुलिस स्टाफ द्वारा उनका स्वागत किया गया। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया तथा क्षेत्र की कानून-व्यवस्था, लंबित प्रकरणों और पुलिसिंग से जुड़े विभिन्न मामलों की जानकारी ली। निरीक्षक सरोज ठाकुर ने कहा कि थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना तथा आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी पहली प्राथमिकता नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करना, अव्यवस्थाओं पर नियंत्रण पाना तथा पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना रहेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अराजकता, अपराध या असामाजिक गतिविधियों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी और पुलिस पूरी तत्परता के साथ कार्य करेगी। निरीक्षक सरोज ठाकुर ने यह भी कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा तथा पुलिसिंग को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाया जाएगा। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को टीम भावना के साथ कार्य करने और जनता के प्रति संवेदनशील रहने के निर्देश दिए। थाना प्रभारी ने आश्वस्त किया कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे तथा अपराध नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

# टाइगर रिजर्व में सफारी बंद होने से पहले पर्यटकों को दिखे बाघ- बाघिन



**तेंदूखेड़ा।** वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में बाघ-बाघिन नजर आए टाइगर का यह जोड़ा झाड़ियों के बीच बैठा हुआ था बारिश के इस सीजन में पहली बार टाइगर रिजर्व में बाघ दिखे हैं बताया जा रहा है कि जंगल सफारी के आखिरी दिन पर्यटक टाइगर रिजर्व में जंगल सफारी करने पहुंचे थे तभी उन्होंने बाघ-बाघिन के जोड़े को जंगल में देखा और उनका वीडियो कैमरे में कैद कर लिया गुरुवार को बाघ-बाघिन का वीडियो सामने आया है वीडियो में दिख रहा बाघ एन-3 और बाघिन एन-112 है दोनों टाइगर खुशनुमा मौसम के बीच जंगल में झाड़ियों के बीच बैठे हुए हैं। दरअसल 1 जुलाई से 30 सितंबर तक के लिए टाइगर रिजर्व में जंगल सफारी बंद कर दी गई है अब एक अक्टूबर से पर्यटक जंगल सफारी कर सकेंगे वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में 25 से अधिक बाघ मौजूद हैं बारिश के मौसम में अक्सर बाघ टाइगर रिजर्व में विचरण करते देखे जाते हैं।

# तेज बारिश और गर्जन से मकान का छज्जा गिरा, बड़ा हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



क्षेत्र में हुई तेज बारिश और गर्जन के कारण वार्ड क्रमांक 11 में स्थित इदरीश खान के मकान का छज्जा अचानक भरभराकर गिर गया। घटना के समय परिवार के सभी सदस्य घर के अंदर मौजूद थे। सौभाग्यवश किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई और एक बड़ा हादसा टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना उस समय हुई जब क्षेत्र में लगातार तेज बारिश के साथ गर्जन हो रही थी। अचानक मकान का छज्जा टूटकर नीचे गिर पड़ा। छज्जा गिरने से मकान के सामने से गुजर रहे बिजली के तार भी टूटकर नीचे आ गिरे, जिससे पूरे घर की विद्युत आपूर्ति तत्काल बंद हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मकान मालिक इदरीश खान एवं उनके परिजनों ने बताया कि तेज बारिश और गर्जन के कारण उनका मकान क्षतिग्रस्त हुआ है। उन्होंने प्रशासन से क्षति का सर्वे कराकर उचित सहायता एवं मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग की है। साथ ही बिजली विभाग से टूटे हुए विद्युत तारों को शीघ्र हटाकर सुरक्षित तरीके से बिजली आपूर्ति बहाल करने का आग्रह किया है, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना की आशंका न रहे। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय लोगों ने भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और परिवार का सहयोग किया। लोगों का कहना है कि बारिश के मौसम में पुराने एवं जर्जर मकानों के आसपास विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। वहीं प्रशासन और संबंधित विभागों से भी ऐसे भवनों का समय-समय पर निरीक्षण कर आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने की अपेक्षा की जा रही है। फिलहाल इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन मकान को नुकसान पहुंचने के साथ बिजली व्यवस्था प्रभावित होने से परिवार को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### 7,500 करोड़ रूपये से अधिक के प्रावधान से होगा गांवों का समग्र विकास

# विकसित भारत जी रामजी अधिनियम से बदलेगी ग्राम पंचायतों की तस्वीर और तकदीर- सांसद

## ग्राम पंचायत हथना में विकसित भारत गारंटी' जिला स्तरीय जन सम्मेलन, लॉन्च कार्यक्रम सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'विकसित भारत-जी राम जी योजना' का शुभारंभ गुरुवार, 2 जुलाई से हो गया है। यह योजना ग्राम पंचायतों की तकदीर और तस्वीर बदलने वाली साबित होगी। 7,500 करोड़ रूपये से अधिक के वित्तीय प्रावधान के साथ यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास, रोजगार सृजन और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी, योजना के अंतर्गत ग्रामीण परिवारों को वर्ष में 125 दिनों तक रोजगार की गारंटी प्रदान की जाएगी। मजदूरी का भुगतान 15 दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा तथा निर्धारित समय में कार्य उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में बेरोजगारी भत्ते का भी प्रावधान किया गया है। इस आशय के विचार दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने ग्राम पंचायत हथना में विकसित भारत गारंटी' जिला स्तरीय जन सम्मेलन लॉन्च कार्यक्रम में व्यक्त किए। सांसद श्री लोधी ने कहा योजना के माध्यम से डिजिटल जॉब कार्ड, तकनीक आधारित कार्य प्रबंधन प्रणाली तथा समयबद्ध एवं पारदर्शी भुगतान व्यवस्था लागू की गई है, जिससे लाभार्थियों को अधिक सुविधा और पारदर्शिता मिलेगी। उन्होंने कहा इस योजना में मनरेगा की तुलना में अधिक मजदूरी का प्रावधान किया गया है। मजदूरी दर लगभग 300 रूपये प्रतिदिन या उससे अधिक निर्धारित की गई है, जिससे ग्रामीण श्रमिकों की आय में वृद्धि होगी।

उन्होने कहा विकसित भारत-जी राम जी योजना के अंतर्गत जल संरक्षण, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार, ग्रामीण सड़कों का निर्माण, वृक्षारोपण तथा टिकाऊ परिसंपत्तियों के निर्माण पर विशेष बल दिया जाएगा। इसके साथ ही ग्रामीण युवाओं के लिए कौशल विकास एवं आजीविका के नए अवसर भी उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे गांवों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

उन्होंने कहा योजना में सामाजिक अंकेक्षण एवं डिजिटल निगरानी प्रणाली के माध्यम से पारदर्शिता और जवाबदेही को और अधिक सुदृढ़ बनाया गया है। ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों की कार्ययोजना ग्राम सभा के माध्यम से तैयार की जाएगी, ताकि स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप प्राथमिकता तय कर विकास कार्यों का चयन किया जा सके।

सांसद श्री लोधी ने कहा विकसित भारत-जी राम जी योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती प्रदान करेगी, रोजगार के अवसरों में वृद्धि करेगी तथा गांवों के समग्र एवं सतत विकास की मजबूत आधारशिला रखेगी। उन्होंने कहा कि यह योजना ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी। साथ ही इस योजना के लिए उनके द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त किया।

विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया ने कहा केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'विकसित भारत-जी राम जी योजना' के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रत्येक विकासखंड (ब्लॉक) स्तर पर कार्यशालाओं का आयोजन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा इन कार्यशालाओं के माध्यम से जन-जागरूकता बढ़ेगी और लोगों को योजना के उद्देश्य, प्रावधानों तथा क्रियान्वयन प्रक्रिया की स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी।उन्होंने कहा कार्यशालाओं में यह भी बताया जाए कि योजना के संचालन के दौरान किस प्रकार की कठिनाइयां सामने आ सकती हैं तथा उनका समाधान किस प्रकार किया जा सकता है। इससे योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और प्रभावशीलता आएगी तथा जनभागीदारी भी बढ़ेगी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल एवं जनपद अध्यक्ष प्रीति कमल ठाकुर ने जी राम जी योजना के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे ने जी राम जी योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान पौधरोपण एवं साईकिल वितरण भी किया गया। इस अवसर पर सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी, विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष डॉं. मंजू धर्मेंद्र कटारे, जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे, जनपद अध्यक्ष प्रीति राजू कमल ठाकुर, सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अधिकारी-कर्मचारीगण, सम्मानीय मीडियाजन, ग्रामीणजन, मौजूद रहे।

## बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान अंतर्गत हुआ जागरूकता कार्यक्रम



**दमोह।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत सभाकक्ष, बटियागढ़ में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिल जैन ने बालिकाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के साथ-साथ शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। परियोजना अधिकारी शिवराय ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी देते हुए बाल विवाह के सामाजिक एवं कानूनी दुष्परिणामों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है तथा इसके उन्मूलन के लिए समाज के प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने उपस्थितजनों से बाल विवाह की सूचना तत्काल संबंधित विभाग अथवा प्रशासन को देने की अपील भी की। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को शिक्षा का महत्व, स्वास्थ्य एवं पोषण, अनौपचारिक शिक्षा तथा शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के संबंध में जागरूक किया गया। उपस्थित महिलाओं एवं किशोरियों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए बालिकाओं की शिक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए संकल्प लिया। इस अवसर पर पर्यवेक्षक सीमा गोस्वामी, निशा ठाकुर एवं पूजा साहू सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी, ग्राम की महिलाएं एवं किशोरियां उपस्थित रहीं।

### जिला खनिज प्रतिष्ठान मद मंडल बोर्ड की बैठक 08 जुलाई को

**दमोह।** जिला खनिज प्रतिष्ठान मद मंडल बोर्ड की बैठक 08 जुलाई 2026 दिन बुधवार समय प्रातः 11 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे ने सभी संबंधितों को बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### राज्यमंत्री आज दमोह दौरे पर

**दमोह।** प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी 3 जुलाई 2026 (शुक्रवार) को दमोह के दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री श्री लोधी प्रातः 11:40 बजे अपने निज निवास नोहटा से दमोह के लिए प्रस्थान करेंगे। अपराह्न 12 बजे दमोह रेलवे स्टेशन पहुंचकर मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के अंतर्गत श्हरिद्वार–ऋषिकेशश् के लिए रवाना होने वाली तीर्थयात्रा ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके बाद अपराह्न 01 बजे दमोह से नोहटा के लिए प्रस्थान कर 1:20 बजे निज निवास नोहटा पहुंचेंगे। अपराह्न 3:30 बजे नोहटा से ग्राम चौपरा के लिए रवाना होंगे। राज्यमंत्री श्री लोधी सायं 04 बजे ग्राम चौपरा स्थित चण्डी माता परिसर में विकास कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रम में भाग लेंगे। कार्यक्रम के उपरांत सायं 05 बजे चौपरा से नोहटा के लिए प्रस्थान कर 5:30 बजे निज निवास पहुंचेंगे।

### जिले से हरिद्वार ऋषिकेश तीर्थ यात्रा आज होगी रवाना

**दमोह।** तीर्थ दर्शन योजनांतर्गत जिले से हरिद्वार ऋषिकेश तीर्थ यात्रा आज 03 जुलाई 2026 को दोपहर 12.10 बजे रेल्वेह स्टेवशन दमोह से रवाना होगी। उक्तउ तीर्थ यात्रा में जिला दमोह से 256 तीर्थ यात्रियों के द्वारा यात्रा की जायेगी। दमोह जिले से 01 पर्यवेक्षक, 04 अनुरक्षको की डयूटी लगाई गई है। ट्रेन में तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा हेतु पुलिस बल तथा चिकित्सा व्यनवस्थार हेतु चिकित्साक की डयूटी लगाई गई है।

## झापन घाट पुल बंद होने से बढ़ी परेशानी

### 26 किलोमीटर का अतिरिक्त सफर तय करने को मजबूर राहगीर



### हरदुआ–इमलिया मार्ग की बदहाल स्थिति पर ग्रामीणों ने जताई चिंता, कलेक्टर से की तत्काल सुधार की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

लगातार हो रही तेज बारिश के चलते स्टेट हाईवे-21 स्थित झापन घाट पुल बुधवार को पूरी तरह बंद कर दिया गया है। पुल बंद होने के कारण जबलपुर, पाटन, रहली और सागर की ओर आने-जाने वाले सभी छोटे-बड़े वाहनों को अब करीब 26 किलोमीटर लंबा वैकल्पिक मार्ग अपनाना पड़ रहा है। यातायात का पूरा दबाव हरदुआ, खरा, राघाट, इमलिया, लकलका, सोमखेड़ा होते हुए झापन घाट मार्ग पर आ गया है, जिससे लोगों की परेशानी काफी बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि हरदुआ से इमलिया एवं खरा-राघाट तक का यह मार्ग पहले से ही संकरा और कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं, जबकि अधिकांश हिस्सों में सड़क किनारे की साइड पट्टियां नहीं होने या मिट्टी धंस जाने के कारण वाहन चालकों को बारिश के दौरान भारी जोखिम उठाना पड़ रहा है। मार्ग पर कई अंधे मोड़ भी हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका लगातार बनी रहती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि झापन घाट पुल बंद होने के बाद इस मार्ग से भारी वाहनों, लोडिंग ट्रकों, स्लीपर कोच बसों और अन्य बड़े वाहनों का आवागमन बढ़ गया है। सड़क की चौड़ाई कम होने और किनारों की स्थिति खराब होने के कारण वाहन पलटने या आमने-सामने की टक्कर जैसी दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। इसके अलावा मार्ग के किनारे लगे कई बड़े पेड़ों की शाखाएं सड़क पर झुकी हुई हैं, जो विशेष रूप से ऊंचे वाहनों के लिए खतरा बनी हुई हैं। ग्रामीणों ने यह भी चिंता जताई कि हाल ही में तेंदूखेड़ा और तेजगढ़ क्षेत्र में पेड़ गिरने से एक सप्ताह के भीतर तीन लोगों की मौत हो चुकी है। ऐसे में यदि समय रहते वैकल्पिक मार्ग पर आवश्यक सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए तो कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि हरदुआ–इमलिया मार्ग की साइड पट्टियों को तत्काल मुरम डालकर मजबूत कराया जाए, सड़क पर बने गड्ढों की मरम्मत कराई जाए तथा सड़क पर झुकी हुई पेड़ों की शाखाओं की छंटाई कराई जाए। उनका कहना है कि झापन घाट पुल बंद रहने की अवधि में इस मार्ग पर यातायात का दबाव लगातार बना रहेगा, इसलिए यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र कराया जाना चाहिए, ताकि संभावित दुर्घटनाओं को समय रहते रोका जा सके।

## सूने मकान को चोरों ने बनाया निशाना, लाखों के जेवर व नकदी पर हाथ साफ, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सैलवाड़ा में अज्ञात चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाते हुए चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। घटना बुधवार रात की बताई जा रही है, जब घर के सभी सदस्य तेंदूखेड़ा में एक पारिवारिक विवाह समारोह में शामिल होने गए हुए थे। गुरुवार सुबह लौटने पर परिजनों ने घर का दरवाजा टूटा हुआ पाया। अंदर प्रवेश करने पर सामान बिखरा मिला और अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर तथा नकदी गायब थी। प्रारंभिक तौर पर लाखों रुपये की चोरी होने की आशंका जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार ग्राम सैलवाड़ा निवासी साहब विश्वकर्मा, जो कपड़े का व्यवसाय करते हैं, अपने परिवार सहित रिश्तेदारी में आयोजित शादी में तेंदूखेड़ा गए थे। उनकी पत्नी दो दिन पहले ही विवाह समारोह में पहुंच गई थीं, जबकि बुधवार शाम साहब विश्वकर्मा अपनी दोनों बेटियों के साथ घर में ताला लगाकर तेंदूखेड़ा चले गए। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने सूने मकान का फायदा उठाते हुए घर में प्रवेश किया और वारदात को अंजाम दिया। पड़ोसी प्रशांत चौबे के अनुसार गुरुवार सुबह जब परिवार वापस लौटा तो मकान का आधा दरवाजा टूटा हुआ मिला। घर के अंदर का सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था तथा अलमारी में रखे जेवर और नकदी गायब थी। दरवाजे की स्थिति को देखते हुए आशंका जताई जा रही है कि चोर इसी रास्ते से घर में घुसे और चोरी करने के बाद फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पीड़ित परिवार ने तेंदूखेड़ा थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस टीम डॉग स्क्वॉड और फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों के साथ मौके पर पहुंची तथा साक्ष्य जुटाकर जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ करने के साथ संदिग्ध गतिविधियों की भी पड़ताल कर रही है। थाना प्रभारी सरोज ठाकुर ने बताया कि पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। प्रारंभिक जांच में चोरी गए सामान और नकदी की सही जानकारी स्पष्ट नहीं हो सकी है। उन्होंने बताया कि घर में एक हार मिला है, जिसे परिजन पहले चोरी होना बता रहे थे। ऐसे में परिजनों से विस्तृत जानकारी लेकर चोरी हुए सामान का सत्यापन किया जा रहा है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच कर रही है तथा जांच पूरी होने के बाद ही चोरी गए सामान का सही विवरण स्पष्ट हो सकेगा।

## चैक अनादरण प्रकरणों की विशेष लोक अदालत का आयोजन 18 जुलाई को

**दमोह।** म.प्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुभाष सोलंकी के मार्गदर्शन में 18 जुलाई 2026 को धारा 138 नेगोशियेबल इन्सट्रूमेन्ट एक्ट (चैक अनादरण) के अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन जिला एवं तहसील स्तर पर किया जा रहा है उक्त विशेष लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित बैंक अनादरण प्रकरण एवं प्रिलिटिगेशन प्रकरण भी रखे जावेगें। उक्त विशेष लोक अदालत के लिये प्रथम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश संतोष गुप्ता को जिला समन्वयक नियुक्त किया गया है विशेष लोक अदालत हेतु न्यायालयों में लंबित चैक अनादरण के प्रकरणों में न्यायालय द्वारा संबंधित पक्षकारों को सूचना पत्र जारी कर पक्षकारों से विशेष लोक अदालत में प्रकरण के निराकरण हेतु प्रयास किये जाकर उनकी सहमति बनाने का प्रयास किया जा रहा है। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया ने बताया कि म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर इस विशेष लोक अदालत का आयोजन अवकाश दिवस में किया जा रहा है इस हेतु जिला एवं तहसील स्तर पर विशेष खण्डपीठो का गठन किया जावेगा। साथ ही आपने बताया कि विशेष लोक अदालत के माध्यम से निराकरण होने वाले प्रकरणों में लगाये गये न्याय शुल्क की वापिसी होगी एवं दीर्घ कालीन कानूनी प्रक्रिया से भी पक्षकारों को निजात मिलेगी। आपने सभी पक्षकारों से विशेष लोक अदालत में प्रकरणों में निराकरण किये जाने की अपील की है।

### शिकायत पर भी अफसरों को जांच पड़ताल की नहीं फुर्सत...

## फर्जी बिल लगाकर निकाल रहे सरपंच सचिव पंचायत की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

जनपद पंचायत हटा की ग्राम पंचायतों में फर्जी फर्मों को भुगतान किया जा रहा है। पंचायतों में फर्जी फर्मों के जरिये मात्र जीएसटी नंबर लेकर भुगतान लिया जा रहा हैं, जिसमें अधिकतर बिलों में रेत, मुरूम, पत्थर, गिट्टी, सीमेंट के नाम पर लाखों का आहरण हुआ है। जिसमें सीमेंट को छोड़कर सभी खनिज है। जिस पर सरकार द्वारा रॉयल्टी भी वसूल की जाती है मगर इन बिलों पर खनिज की आपूर्ति दर्शाकर न केवल राशि का आहरण किया बल्कि खनिज की रॉयल्टी की भी चोरी की गई है। वाणिज्य कर विभाग द्वारा ऐसे फर्मों पर संज्ञान नहीं लेने के चलते फर्जी फर्म संचालकों के हौसले बुलंद है।

### अधिकारियों को जांच की फुर्सत नहीं-

विकासखंड की दर्जनों ग्राम पंचायतों में फर्जी बिल लगाकर शासकीय पैसे का बंदरबांट किया जा रहा है, इसका खुलासा पंचायत दर्पण पर लगाए गए बिलों को देखकर सहज ही लगाया जा सकता है, लेकिन जिले व जनपद सीईओ इसकी जांच पड़ताल व पुष्टि करने की जरूरत ही नहीं समझ रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि आडिट के समय भी अधिकारी लापरवाही बरतते हैं। अधिकारी फर्जी बिलों से किया गया भुगतान कैसे पास कर रहे हैं, यह समझ के परे है। हद तो तब हो जाती है जब फोटोकॉपी की दुकान से इलेक्ट्रानिक एवं गिट्टी, रेत, सीमेंट यहां तक की मिट्टी सप्लाई के भी भुगतान किये जा रहे हैं। ऐसी गड़बड़ी को भी अधिकारी नहीं पकड़ पा रहे हैं। हालांकि अगर शिकायत हो भी जाती है तो, जनपद कार्यालय व जिला पंचायत पहुंचने और जांच के बाद उसे ठण्डे बस्ते में डाल दिया जाता है। ग्राम पंचायतों में कंप्यूटर फोटोकॉपी संचालकों सप्लायर का पंजीयन कराकर उनके द्वारा सरिया, गिट्टी, रेत, सीमेंट की सप्लाई की गई है, हालाकि यह आश्चर्य की बात नहीं है कि अगर किसी दिन पंचायत सचिव को हवाई जहाज की जरूरत पड़ जाये तो, ये कागजों पर संचालित फर्जी ट्रेडर्स के संचालक उसकी भी सप्लाई कर सकते हैं।

### फर्म संचालक की जांच जरूरी

पंचायतों में फर्जी बिलों से भुगतान हुए है, इससे इंकार नहीं किया जा सकता, वाणिज्य कर विभाग अगर जिन बिलों के माध्यम से भुगतान हुआ है, वास्तव में उस सामग्री की खरीदी हुई है अथवा नहीं, साथ ही लाखों की दुकानदारी करने वाले संचालकों के पास क्या नंबर एक की पूंजी थी। पहले क्या इनकम टैक्स विभाग में इन्होंने अपनी पूंजी को दर्शाया है। इन सभी मुद्दों की जांच होनी चाहिए, उसके बाद निर्माण पंचायत एजेंसी से भी पूछताछ करके ये पता लगाया जाना चाहिए कि सामान की खरीदी हुई थी अथवा सरपंच सचिवों ने मिलकर बंदरबांट किया है।

## सटोरिया के दो लाख रूपए चुकाने के बाद भी रंगदारी से परेशान युवक ने खाई सल्फास, जिला अस्पताल रेफर




**हटा।** क्षेत्र में सट्टा का खेल चरम पर है पुलिस द्वारा भले ही छुटपुट करवाई की जाती रही हो लेकिन सट्टा जुआ से बर्बाद युवाओं को मजबूरी में कर्ज लेने कर्ज नहीं चुका पाने पर ब्याज पर ब्याज देकर बर्बाद होने के हालात सामने आ रहे हैं। ऐसी कुछ स्थिति के चलते एक युवक के द्वारा जहरीले पदार्थ का सेवन करके अपने जीवन लीला समाप्त करने के प्रयास किए जाने का मामला हटा में सामने आया है जहां नगरीय क्षेत्र में चंडी जी वार्ड निवासी 32 वर्षीय युवक विकास पिता कुंदन कुमार ने सट्टे के कर्ज से परेशान होकर सेल्फास का सेवन कर लिया जिसे तुरंत ही इलाज हेतु सिविल अस्पताल हटा ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार उपरांत हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां विकास ने बताया कि मुन्नालाल अठया और राजेश मांझी सट्टा लेनदेन को लेकर आए दिन रूपयो की मांग करके परेशान कर प्रताड़ित कर रहे है। जबकि वह अभी तक दोनों को करीब 2 लाख रुपये दे चुका है, फिर भी बार-बार रुपयों की मांग कर रहे हैं. विकास ने बताया कि राज चंदेल से पेटी उठाई थी, जिसके अभी तक 15 हजार रुपये दे चुका है और शेष पैसों की मांग की जा रही है। विगत दो-तीन सप्ताह से तीनों पैसे मांग रहे हैं और मारने की धमकी दे रहे हैं। इसी परेशानी के चलते गुरुवार को सेल्फास का सेवन कर लिया। फिलहाल जिला अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## आठ घंटे की तेज बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

### तारादेही तेंदूखेड़ा महाराजपुर मार्ग हुआ बंद, किचऊ की पुलिया डूबने से दो दर्जन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा/तारादेही



गुरुवार की सुबह 6 बजे से शुरू हुई 8 घंटे की झमाझम बारिश से जनजीवन बुरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया 8 घंटे की झमाझम बारिश से क्षेत्र की कई पुल पुलिया बारिश के पानी में डूबने से दर्जनों गांव के लोग प्रभावित हुए हैं साथ ही नदियों का जलस्तर बढ़ गया है गुरुवार की सुबह 6 बजे से शुरू हुई बारिश के चलते तारादेही तेजगढ़ के बीच स्थित किचऊ की पुलिया पर सुबह 10 बजे डूब गई जिसके कारण तारादेही तेंदूखेड़ा मार्ग सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक खबर लिखे जाने तक पूरी तरह बंद रहा पुलिया पर पानी आ जाने से पूरी तरह यातायात ठप हो गया इस वजह से तेन्दूखेड़ा तारादेही देवरी महाराजपुर की आवाजाही पूरी तरह बंद हो गई मार्ग पर दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई और मार्ग पर सफर करने वाले राहगीर दोनों तरफ फंसे रहे इस दौरान मार्ग पर चलने वाली यात्री बसें भी दोनों तरफ फंसी रही पुलिया पर पानी आ जाने के तारादेही पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीरता दिखाते हुए मार्ग पर यातायात को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया यह मार्ग न केवल आसपास के दर्जनों ग्रामों को मुख्य सड़क से जोड़ता है बल्कि इस मार्ग से सागर नरसिंहपुर भोपाल सहित अन्य जिलों को भी जोड़ता है ।

### अन्य मार्ग रहे बंद टापू बने गांव

15 दिन लेट आए मानसून ने पहली ही बारिश में कई ग्रामों को टापू बनाकर रख दिया है जिसके कारण लोग घरों में केद हो कर रह गए हैं क्योंकि जिस मार्ग से वो शहर और ग्रामों में आना जाना करते है लेकिन वह पूरी तरह बंद हो गए तेंदूखेड़ा ब्लॉक के जामुन ग्राम जाने वाले मार्ग पर स्थित भड़भड़ा का नाला एक से दो फिट तक पानी मे डूब गया जिसके चलते पांच गांव प्रभावित हुए इसके साथ ही जेतगढ पुलिया के कारण चंदना पौड़ी मार्ग पर कुछ घंटे के लिए बंद हो गया इसके अलावा सभी नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ता गया।

### दो दर्जन गांव हुए प्रभावित

वहीं जेतगढ की किचऊ पुलिया डूबने से दो दर्जन से अधिक गांव प्रभावित हुए हैं जिसके कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ इस मार्ग के बंद होने से दर्जनों स्कूली बच्चों को भी परेशान होना पड़ा क्योंकि इस क्षेत्र में मात्र एक तारादेही ग्राम में ही हाईस्कूल है और कालेज के लिए तेन्दूखेड़ा जाना पड़ता है लेकिन पुलिया पर पानी होने के कारण दर्जनों ग्रामों के छात्र छात्राएं तेदूखेड़ा मुख्यालय और तारादेही नहीं पहुंच सके वहीं तेन्दूखेड़ा जबलपुर दमोह जाने के लिए मजबूरन लंबा चक्कर लगाना पड़ जहां शिवलाल खमरिया सर्रा झलौन होते हुए लोग अपने कार्यस्थल तक पहुंचे जिससे उनका समय ओर पैसा दोनों बर्बाद हुई।